पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# ग्राम संगठनों का होगा विस्तार, महिला सशक्तिकरण को मिलेगी नई गति

## उप मुख्यमंत्री का बड़ा निर्णय, बढ़ेंगे 10 हजार ग्राम संगठन

## स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा मजबूत संस्थागत आधार

## ग्राम संगठनों के विस्तार से सशक्त होंगे ,स्वयं सहायता समूह

## ग्रामीण आजीविका मिशन को मिलेगी नई मजबूती

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल

## ग्राम संगठनों के विस्तार से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

लखनऊ : 06 अगस्त, 2026

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक एवं संस्थागत सशक्तिकरण को नई गति देने के उद्देश्य से प्रदेश में ग्राम संगठनों  की संख्या 65,460 से बढ़ाकर 75460 किये जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इस संबंध में ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डबल इन्जन सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। स्वयं सहायता समूहों का सुदृढ़ नेटवर्क ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वास्तविक शक्ति है और ग्राम संगठनों का विस्तार इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि ग्राम संगठनों की संख्या में वृद्धि होने से अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों को संगठित ढांचे से जोड़ा जा सकेगा। इससे समूहों को समयबद्ध मार्गदर्शन, क्षमता संवर्धन, वित्तीय समावेशन, बैंकिंग सेवाओं तक बेहतर पहुंच तथा विभिन्न आजीविका गतिविधियों का अधिक प्रभावी लाभ प्राप्त होगा। साथ ही ग्राम संगठनों की संस्थागत क्षमता और कार्यकुशलता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश में तीन करोड़ परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने का व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। इस लक्ष्य

को और अधिक गति देने के लिए मिशन स्तर से सभी जनपदों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए जा रहे हैं। ग्राम संगठनों की संख्या बढ़ने से नए स्वयं सहायता समूहों के गठन, निष्क्रिय समूहों को पुनः सक्रिय करने तथा सामुदायिक नेतृत्व को मजबूत करने में तेजी आएगी। इससे मिशन के माध्यम से संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र परिवार तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा।

उप मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह निर्णय ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने, उनके नेतृत्व कौशल को विकसित करने तथा गांवों में आत्मनिर्भर एवं सशक्त सामुदायिक संस्थाओं के निर्माण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक श्री अरुण कुमार ने कहा कि ग्राम संगठनों की संख्या में वृद्धि प्रदेश में मजबूत, आत्मनिर्भर एवं प्रभावी सामुदायिक संस्थाओं के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे स्वयं सहायता समूहों को बेहतर संस्थागत सहयोग मिलेगा तथा ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण के लक्ष्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सकेगा।

---

**सम्पर्क सूत्र– बी0एल0 यादव**

राघवेन्द्र / 05:10 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in